Title: Regarding reinstating the jobs of workers who were removed from their jobs due to demonetisation.

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं भारत सरकार के माननीय उद्योग मंत्री तथा श्रम मंत्री जी का ध्यान आकृऐट कराना चाहता हूं। विमुद्रीकरण के बहाने निजी क्षेत्र के छोटे-बड़े उद्योगों ने बड़ी संख्या में ठेके के मजदूरों, बदली श्रमिकों तथा स्थायी श्रमिकों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इतना ही नहीं स्टाफ में भी बड़ी संख्या में छंटनी की गयी है, जबरदस्ती वीआरएस दिया जा रहा है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वहां सीमेंट के बड़े उद्योग हैं, जिसमें बिरला सीमेंट, मैहर सीमेंट, रिलायंस सीमेंट, प्रीज्म सीमेंट, केजेएस सीमेंट, जेपी बाबूपुर सीमेंट, नोवस्ता सीमेंट, जेपी बेला सीमेंट, जेपी बघवार, एसीसी सीमेंट, कैमोर, डायमंड सीमेंट, दमोह, यूनिवर्सल केबिल्स, सतना, डागा ऑयल मिल तथा कई इंजीनियरिंग कम्पनियों ने हजारों की संख्या में श्रमिकों को हटा दिया है। मैं भारत सरकार के श्रम मंत्रालय एवं उद्योग मंत्रालय का ध्यान आकृऐट कराते हुए उनसे मांग करता हूं कि विमुद्रीकरण के बाद अब तक कितने श्रमिकों को कार्य से हटाया गया? उसका विवरण मांगा जाए तथा उन्हें वापस रखने हेतु आदेश दिया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Sharad Tripathi and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Ganesh Singh.

Now, it is six o'clock. If the House agrees, we can continue with the 'Zero Hour'.

… (*Interruptions*)

SHRI ANANTHKUMAR: Sir, we can adjourn the House. … (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet on Friday, the 11th August, 2017 at 11.00 a.m.

**18.00 hours**

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock
*on Friday, August 11, 2017 / Shravana 20, 1939 (Saka).*